JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2022/06/373–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक:** 07.06.2022

प्रेस विज्ञप्ति

जयपुर, 07 जून। जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा रिक्त पदों हेतु पूर्व में मांगे गये आवेदनों के क्रम में सीधी भर्ती परीक्षा (Computer Based Test) दिनांक 11 जून, 2022 शनिवार को Customer Relations Assistant के 10 पदों के लिए दोपहर 12.00 बजे से 02.00 बजे तक जयपुर में तथा मैंटेनर (इलेक्ट्रिशियन) के 10 पदों के लिए सायं 04.00 बजे से 06.00 बजे तक जयपुर, अजमेर, सीकर, उदयपुर व जोधपुर में आयोजित की जा रही है।

इस परीक्षा हेतु सभी अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जयपुर मेट्रो के रिक्रूटमेंट पोर्टल, www.jmrcrecruitment.in पर जारी कर दिये गये है। अभ्यर्थी Registration ID से लॉगिन करके अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते है।

अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जो प्रातः 10.00 बजे से सांय 06.30 बजे तक दिनांक 08 जून 2022 से 11 जून 2022 सेवा में रहेगा। जिसका दूरभाष नं. 0141–2822131 है। अभ्यर्थी परीक्षा संबंधी किसी भी समस्या हेतु उपरोक्त नम्बर पर संपर्क कर सकते है व careers@jaipurmetrorail.in पर मेल कर सकते है।

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की ओर से सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा में सफलता हेतु शुभकामनाएँ।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो